>

Title: Request the government to give status of Democracy Fighter to those who stayed in Jail during Emergency and fought for Nation.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, स्वतंत्र भारत का एक काला अध्याय, जिसे हम सब आपातकाल के नाम से जानते हैं, इस दौरान देश भर के लाखों लोगों को जेल में डालकर तरह-तरह की यातनाएं दी गईं।

महोदय, इस सदन के कई माननीय सदस्य इस यातना के शिकार हुए थे। इस दौरान इन लोगों के परिवारों ने भी बहुत प्रकार की यातनाएं सहीं और कई परिवार तो बर्बाद भी हो गए।

लोकतंत्र की रक्षा में इनके योगदान को देखते हुए छत्तीसगढ़ सहित कई अन्य भाजपा शासित राज्यों में इनको लोकतंत्र सैनानी का दर्जा देकर सम्मानित किया गया, लेकिन जैसे ही सरकार बदली और कांग्रेस फिर से आई, तो फिर से इन पर अत्याचार हुआ।

मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि देश के लोकतंत्र की रक्षा में जिन्होंने योगदान दिया, जेल में निरुद्ध रहे, उनको लोकतंत्र सेनानी का दर्जा देकर और हर संभव मदद देकर सम्मानित किया जाए।